वॉकथॉन के जरिये प्रतिभागियों को फिटनेस के प्रति किया जागरूक

hamaraghaziabad.com/145124/

October 4, 2019

गाज़ियाबाद। इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के 51वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज ICSI के NIRC के गाजियाबाद चैप्टर ने एक वॉकथॉन का आयोजन किया। यह वॉकथॉन पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया कार्यक्रम के अनुरूप आयोजित किया गया। कार्यक्रम के लिए चीफ गेस्ट दिल्ली प्रदेश मंत्री गुंजन नरूला रही।

कार्यक्रम से पहले डॉ सीएस शिशोदिया के मार्गदर्शन में एक लघु योग सत्र का आयोजन किया गया था। इस दौरान दिल्ली प्रदेश मंत्री गुंजन नरूला ने सभी प्रतिभागियों को फिटनेस प्रतिज्ञा भी दिलाई। कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। योग सत्र के बाद, स्वर्ण जयंती पार्क, इंदिरापुरम के अंदर लगभग 3 किमी तक पैदल यात्रा की गई।

कार्यक्रम में अध्यक्ष सीएस आरती जैन, वाइस चेयरपर्सन सीएस साक्षी मित्तल, सचिव सीएस सोनल जैन, सीएस निमिशा मदान और सीएस अर्जुन त्यागी, गाजियाबाद चैप्टर की प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। सीएस मुनीश शर्मा, सीएस मनोज जैन, सीएस प्रणव कुमार, सीएस शालिनी अग्रवाल अन्य वरिष्ठ पेशेवरों में शामिल थे जिन्होंने वॉकथॉन में भाग लिया और इसे सफल आयोजन बनाया।

हमारा न्यूज़ चैनल सबस्क्राइब करने के लिए यहाँ क्लिक करें।
Follow us on Facebook http://facebook.com/HamaraGhaziabad
Follow us on Twitter http://twitter.com/HamaraGhaziabad